# मरीजों से ली जाने वाली धनराशि की गणना का आधार

Basis for Calculating Amounts Charged to Patients (Hindi)

Mayo Clinic और इससे संबद्ध अस्पताल आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय देखभाल हेतु बीमा रखने वाले लोगों की सामान्य रूप से बिल की जाने वाली राशि (AGB) निर्धारित करने के लिए लुक-बैक विधि (औसत घंटे निर्धारण विधि) का उपयोग करते हैं। हमारे प्रत्येक अस्पताल में सुविधाओं के लिए 1 जनवरी, 2025, से लागू AGB प्रतिशत नीचे दिए गए हैं।

AGB प्रतिशत की गणना अक्टूबर 2023 से लेकर नवंबर 2024 तक अंतरंग रोगी और बाह्य रोगी सेवाओं के लिए Medicare एडवांटेज और पारंपरिक Medicare सहित गैर-सरकारी बीमा कंपनियों द्वारा स्वीकार्य सभी दावों के आधार पर की गयी थी। स्वीकार्य दावों में से कुल अपेक्षित भुगतान को उसी दावे के लिए बिल किए गए कुल शुल्क से विभाजित किया गया था। AGB प्रतिशत को वार्षिक रूप से अद्यतित किया जाएगा।

वित्तीय सहायता के लिए पात्र होने वाले मरीजों से आपातकालीन या अन्य आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल के लिए AGB से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्वास्थ्य बीमाकर्ता द्वारा सभी भुगतानों को लागू करने के बाद बीमा रखने वाले पात्र रोगी AGB से अधिक भुगतान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं होंगे।

## चिकित्सालय इकाई-वार AGB प्रतिशत

| चिकित्सालय इकाई | प्रतिशत |
|---|---|
| Rochester | 52% |
| Arizona | 42% |
| Florida | 35% |
| Fountain Centers in Albert Lea | 81% |
| Albert Lea and Austin | 48% |
| Cannon Falls | 60% |
| Chippewa Valley in Bloomer | 58% |
| Eau Claire — Luther Campus | 39% |
| Fairmont | 48% |
| La Crosse | 43% |
| Sparta | 38% |
| Lake City | 68% |
| Mankato | 48% |
| New Prague | 59% |
| Northland in Barron | 46% |
| Oakridge in Osseo | 55% |
| Red Cedar in Menomonie | 47% |
| Red Wing | 49% |
| St. James | 68% |
| Waseca | 54% |

©2025 Mayo Foundation for Medical Education and Research